राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 2 | अंक 327 | पृष्ठ 22 | मूल्य 5.00 | झुंझुनूं, रविवार, 1 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत् 2081

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है। patrika.com

राजस्थान पत्रिका . झुंझुनूं, रविवार, 01 सितम्बर, 2024 नवलगढ़ . चिड़ावा . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . बुहाना . बिसाऊ . बगड़ . सूरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी patrika.com

झुंझुनूं पत्रिका

अनुशासन व परिश्रम से संवरता खेल डा. पंचारिया

पिलानी.केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेल गतिविधियों का समापन हो गया। समापन समारोह में संस्थान निदेशक डा. पी.सी. पंचारिया मुख्यअतिथि थे। उन्होंने सम्बोधित करते हुए खेल में जीत सुनिश्चित करने के लिए खेल में परिश्रम अनुशासन एवं टीम भावना के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रतियोगिता में मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्राफी पुरुष वर्ग में धनराज पिल्ले टीम तथा महिला वर्ग में पीटी ऊषा टीम को प्रदान की गई। सीरी संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी रमेश बोरा ने बताया कि प्रतियोगिता में 312 खिलाडियों ने टेनिस बॉल क्रिकेट, गोला फैंक, तस्तरी फैंक, रस्साकशी, बास्केटबॉल, रिले रेस और फुटबॉल सहित खेलों का आयोजन किया गया। स्टाफ क्लब सचिव डा. नीरज ने आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण एवं संयुक्त सचिव चांदनी दीक्षित ने आयोजन में सहयोग किया।